वेबसाइट:www.bankofbaroda.in ईमेल
corp.pr@bankofbaroda.com

स्थान/Place: Mumbai/ मुंबई तारीख/Date: 24.11.2022

प्रेसविज्ञप्ति /Press Release

# बैंक ऑफ़ बड़ौदा द्वारा किसानों के लिए वन-स्टॉप सोल्यूशन – बॉब वर्ल्ड किसान ऐप का लॉन्च किया गया

***इसके अंतर्गत ऋण एवं निवेश, मंडी सेवाएँ, कृषि परामर्श और मूल्यवर्धित सेवाएँ जैसी महत्वपूर्ण सुविधाएँ उपलब्ध हैं***

*किसानों को अलग-अलग तरह की सेवाएँ प्रदान करने के लिए छह कृषि कंपनियों के साथ साझेदारी की*

***बैंक के मौजूदा और नए ग्राहक, दोनों द्वारा इस प्लेटफ़ॉर्म का लाभ उठा सकते हैं***

**मुंबई, 24 नवंबर, 2022**: भारत के प्रमुख सार्वजनिक क्षेत्र के अग्रणी बैंकों में से एक, बैंक ऑफ़ बड़ौदा (बैंक) ने आज **'बॉब वर्ल्ड किसान'** ऐप के शुभारंभ की घोषणा की है, जो किसानों के लिए खेती से संबंधित सभी सेवाएँ एक ही स्थान पर उपलब्ध कराने वाला समाधान है। बॉब वर्ल्ड किसान खेती से जुड़ी सेवाओं के लिए एक सर्व-समावेशी प्लेटफ़ॉर्म है, जो खेती के लिए फाइनेंसिंग की सुविधा, बीमा एवं निवेश से संबंधित नए तरीके के समाधान; फसल की कीमतों पर निगरानी रखने वाली मंडी सेवाएं; मौसम के पूर्वानुमान, अच्छी फसल हेतु निगरानी जैसी कृषि परामर्श सेवाएं; तथा खेती के लिए आवश्यक सामग्री की खरीद एवं उपकरणों को किराए पर लेने, उत्पादकता बढ़ाने के लिए तकनीक के उपयोग जैसी मूल्यवर्धित सेवाओं के माध्यम से किसानों के लिए कृषि संबंधी आर्थिक गतिविधि को डिजिटल बनाने में मदद करता है। ये सभी सेवाएँ बैंक के मौजूदा ग्राहकों के साथ-साथ उन लोगों के लिए भी समान रूप से उपलब्ध हैं, जो वर्तमान में बैंक के ग्राहक नहीं हैं।

बैंक द्वारा ऐप के माध्यम से किसानों को अलग-अलग तरह की सेवाएँ प्रदान करने के उद्देश्य से छह कृषि कंपनियों के साथ साझेदारी की हैं, जिनमें एग्रीबेग्री, एग्रोस्टार, बिगहाट, पूर्ति, ईएम3 (EM3) और स्काईमेट शामिल हैं। इसके अलावा, वर्तमान में यह ऐप तीन भाषाओं, यानी अंग्रेज़ी, हिंदी और गुजराती में उपलब्ध है, और यह बड़ी संख्या में किसानों के लिए सुलभ बन गया है।

इस अवसर पर बैंक ऑफ़ बड़ौदा के कार्यपालक निदेशक श्री जॉयदीप दत्ता रॉय ने कहा, “हम देश के सार्वजनिक क्षेत्र के अग्रणी बैंकों में से एक हैं, हमारे भारतीय किसानों के साथ और प्रगाढ़ चिर संबंध रहा है। बैंक ऑफ़ बड़ौदा का लक्ष्य "बीजों की बुवाई से लेकर फसल की बिक्री" तक के पूरे सफ़र में भारतीय किसानों की मदद करना है। बॉब वर्ल्ड

**किसान अत्याधुनिक और सर्व-समावेशी प्लेटफ़ॉर्म है जो हमारे अन्नदाताओं को विभिन्न प्रकार की सेवाएँ उपलब्ध कराएगा, जिससे उन्हें अपनी उपज और आमदनी को अधिकतम स्तर तक ले जाने में मदद करेगी।"**

**बैंक ऑफ़ बड़ौदा, मुख्य डिजिटल अधिकारी, श्री अखिल हांडा ने कहा, "पिछले साल शुभारंभ किए गए बॉब वर्ल्ड मोबाइल बैंकिंग ऐप के द्वारा हमारे लाखों ग्राहकों के बैंकिंग अनुभव में रूपांतरण लाया। बॉब वर्ल्ड किसान ऐप के शुभारंभ के साथ, हमारा वादा है कि हम अपने किसानों को भी उसी प्रकार का अनुभव प्रदान करेंगे। यह बहुत ही सरल और सहज डिजाइन वाला एक एकीकृत ऐप है, जो उपयोगकर्ता को बैंकिंग एवं कृषि से जुड़ी विभिन्न प्रकार की सेवाओं को आसानी से उपलब्ध कराता है, और उन्हें पूरी तरह से डिजिटल अनुभव प्रदान करता है।"**

**बॉब वर्ल्ड किसान पर उपलब्ध सुविधाओं की चार श्रेणियाँ इस प्रकार हैं:**

- **फाइनेंस**
  - त्वरित ऋण प्राप्त करने और नवीनीकरण की सुविधा
  - बीमा
  - निवेश
- **मंडी**
  - फसल की कीमतों की निगरानी करना
  - आस-पास की मंडियों कीमतों की निगरानी करना
  - चुनिंदा मंडियों में अधिकतम और न्यूनतम कीमतों की निगरानी करना
  - कई फसलों/कई मंडियों को जोड़ने और तुलना करने का विकल्प

- **मौसम**
  - मौसम का पूर्वानुमान
  - मिट्टी की नमी और अच्छी फसल हेतु निगरानी

- **मूल्यवर्धित सेवाएँ**
  - खेती के लिए आवश्यक सामग्री, जैसे कि बीज, उर्वरक और कीटनाशक इत्यादि की खरीद तथा उपकरणों को किराए पर लेने की सुविधा
  - बेहतर पैदावार और ज्यादा लाभ प्राप्त करने के लिए टेक्नोलॉजी का उपयोग

'बड़ौदा किसान पखवाड़ा' के दौरान 'बॉब वर्ल्ड किसान' ऐप को लॉन्च किया गया है – बैंक ऑफ़ बड़ौदा द्वारा किसानों से जुड़ाव के लिए हर साल आयोजित होने वाला कार्यक्रम, जो अब अपने 5वें वर्ष में है। बड़ौदा किसान पखवाड़ा का उद्देश्य भारतीय किसानों के समुदाय के साथ सहभागिता को बढ़ावा देने के साथ-साथ बैंक ऑफ़ बड़ौदा द्वारा

प्रस्तावित विभिन्न कृषि उत्पादों, योजनाओं एवं वितरण चैनलों और किसानों के फायदे के लिए सरकार द्वारा शुरू की गई पहलों के बारे में जागरूकता फैलाना है।

**About Bank of Baroda**

Founded on 20th July, 1908 by Sir Maharaja Sayajirao Gaekwad III, Bank of Baroda is one of the leading commercial banks in India. At 63.97% stake, it is majorly owned by the Government of India. The Bank serves its global customer base of over 150 million through over 46,000 touchpoints spread across 17 countries in five continents. Through Its state-of-the-art digital banking platforms, it provides all banking products and services in a seamless and hassle-free manner. The recently launched bob World mobile app provides customers with a saving, investing, borrowing, and shopping experience, all under one single app. The app also serves non-customers by enabling account opening through video KYC. The Bank's vision matches its diverse clientele base and instills a sense of trust and security. It is moving well in that direction and bob World is a testimony of its roadmap towards Digital Transformation.

- Visit us at www.bankofbaroda.in
- Facebook https://www.facebook.com/bankofbaroda/
- Twitter https://twitter.com/bankofbaroda
- Instagram https://www.instagram.com/officialbankofbaroda/
- YouTube https://www.youtube.com/channel/UCdf14FHPLt7omkE9CmyrVHA
- LinkedIn https://www.linkedin.com/company/bankofbaroda/

**For media queries, please contact:**
Bank of Baroda: Phiroza Choksi | +91 9820363681 | corp.pr@bankofbaroda.com
Perfect Relations: Sneha Joshi | +91 9833004482 | snehaj@perfectrelations.com